ESTD. 1944

# Vaish College, Bhiwani

(Affiliated to Chaudhary Bansi Lal University, Bhiwani-Haryana)




## Assessment Period: 2018-2023

## Supporting Document: 5.4.1

There is a registered Alumni Association that contributes significantly to the development of the institution through financial and/or other support services

# Vaish College, Bhiwani

(Affiliated to Chaudahry Bansi Lal University, Bhiwani-Haryana)

## Glimpses of Social Works Conducted by Our Alumni

Kamal Singh

18 Apr 2020 ·

आज युवा कल्याण संगठन की टीम के साथ अनाज मंडी में दौरा किया । किसानों और मजदूरों को इस महामारी से बचने के उपाय बताये तथा किसानों और मंडी में काम करने वाले मजदूरों को मास्क बांटे ओर सावधानी बरतने को कहा ।



## Covid-19 Awareness programme conducted with team of Yuva Kalyan Sangathan during lockdown period-2020

**Social media link:**

https://www.facebook.com/kamalpanghaltosham/videos/2641928946069456/?mibextid=oFDknk&rdid=xjK0SFuZKWIkKQdg

हरिभूमि

रोहतक - भिवानी

Date - 29 Apr'20

# युवा कल्याण संगठन ने कोरोना योद्धाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

युवा कल्याण संगठन ने कोरोना योद्धाओं का मनोबल बढ़ाने की दिशा में एक ओर कदम बढ़ाते हुए जिले में 300 से ज्यादा कोरोना योद्धाओं को सम्मानित किया। युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान व उनकी टीम ने 300 से ज्यादा कोरोना योद्धा स्वास्थ्यकर्मी, मीडिया, पुलिस व सफाईकर्मियों को सम्मानित किया। कमल प्रधान ने जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल व संगठन के पदाधिकारियों के साथ पत्रकारों को उनके ऑफिस, पुलिसकर्मियों को पुलिस पोस्ट व चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े कर्मियों को नागरिक हस्पताल व लोहानी के क्वारंटाइन सेंटर में जाकर सम्मानित किया। मौके पर डीआरओ प्रमोद चहल ने संगठन की प्रशंसा करते हुए कहा कि कोरोना से लोगों को बचाने के लिए लॉकडाउन में कमल प्रधान के नेतृत्व में संगठन ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व सेवा कार्य किया है। वहीं कमल प्रधान ने कहा कि कोरोना संक्रमण रोकने के लिए ये कर्मी निरंतर ड्यूटी कर रहे हैं। आमजन को कोरोना से बचाने के लिए अपने स्वास्थ्य की परवाह किए बिना ड्यूटी दे रहे हैं, इसलिए हमारा दायित्व है कि उनका उत्साहवर्धन करें। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व कोरोना से जंग लड़ रहा है। इसमें अग्रिम पंक्ति में हमारे देश के डॉक्टर हैं जो खुद की जान जोखिम में डाल लोगों का इलाज कर रहे हैं। ऐसे में इन योद्धाओं का सम्मान कर गर्व की अनुभूति होती है। उन्होंने कोरोना से आमजन को बचाने के लिए अपनी सेवा और योगदान दे रहे पुलिस व सफाईकर्मियों की भी मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इस मौके पर संगठन के युवा अध्यक्ष देशमुख दादरवाल, अनिल चहल, मुकेश ढाणीमाहु, सुमित भट्ट आदि मौजूद थे।



भिवानी। कोरोना योद्धा डॉक्टरों को सम्मानित करते संगठन के संरक्षक कमल प्रधान व अन्य।

## Appreciation to Corona Yodha by Kamal Singh, The president of Yuva Kalyan Sangathan and Member of Alumni




**Distribution of food to needy peoples by our Alumni in front of college main gate**




**Blood Donation Camp organized by Radha Swami Satsang, Dinod run by our alumnus Guru Kanwar Saheb**



## Blood Donation Camp organized by our alumnus Kamal Singh



Blood Donation Camp organized by our alumni
Guru Kanwar Saheb & Kamal Singh



हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com
Rohtak Bhiwani 29.04.2024 - 29 Apr 2024 - Page 3

## गांव दिनोद में आयोजित शिविर में 50 ने किया रक्तदान

# रक्तदान बन सकता है किसी का जीवनदान खून देने से शरीर में नहीं आती कमी : कमल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

गांव दिनोद के राधा स्वामी रसगुल्ला प्लांट में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल की टीम ने 50 युनिट रक्त एकत्रित किया। रक्तदाताओं को बैज लगाकर शिविर का शुभारंभ करते हुए युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल प्रधान ने कहा कि रक्तदान महादान है, 18 से 60 वर्ष की आयु के सभी पुरुषों व महिलाओं को रक्तदान जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी का जीवनदान बन सकता है रक्तदान से हमारे शरीर में किसी प्रकार की कमी भी नहीं आती।

रक्तदान से शरीर में नए खून का संचार होता है और रोगों से लड़ने क्षमता भी बढ़ती है। यही मानवता का सही चित्रण हैं, प्रत्येक व्यक्ति को वर्ष में कम से कम तीन बार अवश्य रक्तदान करना चाहिए। शिविर में थानेदार सुरेन्द्र, राजबीर ताखर, धूपसिंह लहलान, मालसिंह जिलेदार, कैप्टन बलबीर सिंह, रोहित, राकेश, धीरज, यश, प्रदीप श्योराण, मुकेश शर्मा ने स्वयं रक्तदान किया और रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया।

भिवानी। रक्तदाताओं को बैज लगाते कमल सिंह प्रधान।

## रक्तदाताओं ने रक्तदान कर बच्चें व गर्भवती की बचाई जान

भिवानी। भिवानी के दो अस्पतालो मे दाखिल मरीजों के लिए दो यूनिट ए पॉजीटिव व एक यूनिट ए नेगेटिव फ्रेश ब्लड की जरूरत पड़ी तो भिवानी के तीन रक्तवीरो ने ब्लड बैंक पहुचकर रक्तदान किया। ब्लड बैंक मे ए नेगेटिव ब्लड उपलब्ध न होने पर मरीज के परिजनो ने राजेश डुडेजा से सम्पर्क किया तो उन्होने तुरन्त गांव तिगड़ाना से अध्यापक जोगिंद्र को ब्लड बैंक मे रक्तदान करवा छोटे बच्चे की जान बचाई, दूसरे गर्भवती के केस मे दो यूनिट ए पॉजीटिव की जरूरत होने पर एक कदम रोशनी की ओर से ओमप्रकाश सैनी ने दो रक्तदाताओं हितेश सैनी, गोविंद गिरी ने रक्तदान कर महिला की जिंदगी बचाने का सराहनीय कार्य किया। इस अवसर पर डॉ. संदीप पंघाल, आदित्य सैनी, लैब टेक्नीशियन संदीप नैन व अमन, योगेश जांगड़ा ने रक्तदाताओं का आभार जताया।

## अमित वशिष्ठ फाउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर

भिवानी। रक्तदाताओं को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

कैंसर पीड़ितों की मदद के लिए रणजी खिलाड़ी अमित वशिष्ठ की स्मृति में अमित वशिष्ठ फाउंडेशन ने रविवार को मिनी बाईपास राम चौक स्थित राधेकृष्ण बैंक्वेट हॉल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 81 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में एम्स बाढ़सा की टीम कैंसर मरीजों के लिए रक्त एकत्रित करने पहुंचे। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि महाराज जीत भारती, पार्षद मांगेराम शर्मा एवं शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने शिरकत की तथा रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में रक्त बनने की प्रक्रिया पहले की अपेक्षा ज्यादा होती है। रक्तदान शरीर मे मौजूद रक्त को पुनर्जीवित करने में सक्षम होता है। इसके अलावा रक्तदान एक ऐसा महादान है, जिसके द्वारा हम किसी जरूरतमंद मरीज की जान बचाकर पुण्य के भागी बन सकते है। फाउंडेशन के अध्यक्ष व शिविर के आयोजक जितेंद्र शर्मा ने कहा कि परिजनों की याद में पौधरोपण व रक्तदान जैसी मुहिम बेहद सराहनीय है। इस मौके पर राजेश ग्रेवाल, नरेंद्र मिताथल, रमेश कितलाना आदि मौजूद रहे।

# Blood Donation Camp organized by our alumnus Kamal Singh




**Health and Environment awareness campaign by our alumnus Kamal Singh through Social Media**

**Social Media Link:**


**https://www.facebook.com/share/v/vNtYcZXy4ukofDET/?mibextid=oFDknk**



Tree plantation drive to save environment




**Tree plantation drive to save environment in collaboration with Yuva Kalyan Sangathan**




# Water conservation and Tree plantation campaign

## Social media link:

https://www.facebook.com/story.php?story_fbid=3288716181390726&id=100007571286950&mibextid=oFDknk&rdid=AEywxKtDYUrbLGYA

# बढ़ती गर्मी में पक्षियों के संरक्षण में आगे आएं युवाः कमल सिंह प्रधान

अनुज राणा

SAMACHAR SEVAK
समाचार सेवक



**भिवानी।**

दिन प्रतिदिन गर्मी बढ़ती जा रही है। जिसके कारण पक्षियों को दाना पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। अधिकतर पक्षी तो पानी न मिलने के कारण गर्मी में दम तोड़ रहे हैं। इसलिए पक्षियों के संरक्षण हेतु युवा वर्ग को आगे आना चाहिए। यह बात युवा कल्याण संगठन के संस्थापक अध्यक्ष कमल सिंह प्रधान ने बजरंग बली कॉलोनी, नेहरू कॉलोनी, हुडा सेक्टर, राजीव कॉलोनी आदि क्षेत्र में संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के सहयोग से पक्षियों के लिए पानी के सकोरे रखते हुए व उनके लिए खाने का प्रबंध करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हमें अपने घरों की छतों, आस-पास के क्षेत्रों व जहां भी पेड़ दिखाई दे वहां पर पक्षियों के लिए दाना पानी का प्रबंध करना चाहिए। इस अवसर पर देशमुख दादरवाल, मुकेश शर्मा ढाणी माहु, सुमित भट्ठ, उमेश, राजकुमार, राजू साउंड वाला, नमन शर्मा, गिरवर सिंह राठौड़, मामन वाल्मीकि, बालू मैदा वाला समेत अनेक युवा उपस्थित रहे।

**Water pots implantation on trees to save birds lives during heat wave period**

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Dadri 27.04.2024 - 27 Apr 2024 - Page 2

गर्मी में 500 सकोरों का लक्ष्य

# घरों की छतों पर पक्षियों के लिए रखें पानी के सकोरे व डालें दाना: कमल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

दिन प्रतिदिन गर्मी बढ़ती जा रही है, जिसकारण पक्षियों को दाना पानी के लिए और भी अधिक इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। अधिकतर पक्षी तो गर्मी के मौसम में पानी नहीं मिलने के कारण दम तोड़ रहे हैं, इसलिए पक्षियों के संरक्षण के लिए युवावर्ग व जनसंगठनों को आगे आना चाहिए और इनके संरक्षण एवं सुरक्षा के लिए प्रबंध करने चाहिए, ये बात युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने कही। संगठन ने शुक्रवार को अनेक कॉलोनियों में 100 पानी के सकोरे रखवाएं और गर्मी के मौसम में हर वर्ष की भांति 500 सकोरे रखे जाएंगे। कमल सिंह प्रधान शुक्रवार को युवा कल्याण संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बजरंग बली कॉलोनी, नेहरू कॉलोनी, हुडा सेक्टर, राजीव कॉलोनी आदि क्षेत्रों में पक्षियों के लिए पानी के 100 सकोरे रखवाएं और खाने का प्रबंध किया। उन्होंने कहा कि गर्मी में हर वर्ष की भांति पक्षियों के पानी के लिए 500 सकोरे रखे जाएंगे।

**गर्मी का मौसम जानलेवा**

कमल सिंह प्रधान ने कहा कि हमें अपने घरों की छतों, आस-पास के क्षेत्रों व पेड़ों पर पक्षियों के लिए दाना पानी का प्रबंध करना चाहिए, क्योंकि गर्मी का मौसम में मनुष्य व जीव जन्तुओं के लिए काफी परेशानी भरा होता है, ऐसे में मनुष्य तो जैसे तैसे करके खाने पीने व रहने की व्यवस्था कर लेता है, लेकिन पक्षियों के लिए गर्मी का मौसम एक तरह से जानलेवा है। इस मौके पर उमेश, राजकुमार, राजू साउंड वाला, कमल शर्मा, गिरवर सिंह राठौड़, मानव वाल्मीकि, बालू मैदावाला आदि मौजूद थे।



भिवानी। पक्षियों के लिए पानी के सकोरे रखते युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान, देशमुख दादरवाल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## गर्मी में पानी उपलब्ध नहीं होने पर पक्षियों की चली जाती है जान

संगठन के पदाधिकारी देशमुख दादरवाल, मुकेश शर्मा दागमिहु व सुमित भट्ट ने कहा कि गर्मी का मौसम वैसे तो सभी के लिए परेशानी भरा होता है, लेकिन खासकर पक्षियों के लिए इस मौसम में दाना पानी की परेशानी और अधिक बढ़ जाती है और कई बार तो कुछ पक्षियों को समय पर पानी उपलब्ध नहीं होने पर उनकी जान तक चली जाती है, इसलिए लोगों को अपने घरों की छतों पर पक्षियों के लिए पानी के सकोरे रखने चाहिए और उनमें दिन में दो बार पानी डालना चाहिए। इसके साथ ही दो मुट्ठी दाना भी डालना चाहिए, जिससे पक्षियों को आसानी से दाना पानी मिल जाए और उन्हें गर्मी के मौसम में राहत मिल सके।

- बढ़ती गर्मी में पक्षियों के संरक्षण के लिए आगे आएं युवावर्ग: प्रधान
- संगठन ने अनेक कॉलोनियों में रखवाएं 100 पानी के सकोरें,

# Awareness campaign to hang water pots on trees for saving birds lives during summer season

# भूखे–प्यासे कामगारों को घरों तक पहुंचाने को भिवानी महापंचायत ने शुरू की मुहिम

## प्रशासन के सहयोग से सड़कों पर पैदल चलने वालों को लाया जाएगा शेल्टर होम

जागरण संवाददाता, भिवानी : देशभर में सड़कों पर विभिन्न प्रदेशों के श्रमिकों पर टूटे कहर के बीच भिवानी महापंचायत ने क्षेत्र के सभी मजदूरों को उनके घरों तक सुरक्षित पहुंचाने की नई मुहिम शुरू की है। जिला प्रशासन व पुलिस के सहयोग से शुरू की गई इस मुहिम के तहत एक दर्जन बसें भिवानी के सभी बॉर्डर अथवा आस-पास इलाकों में पैदल चल रहे मजदूरों को भिवानी के अलग अलग शेल्टर होम में लाएंगी। यहां उनके रहने और खाने की समुचित व्यवस्था की जाएगी।

यहां से प्रशासन के सहयोग से उन्हें उनके गंतव्य स्थलों तक भेजा जाएगा। प्रशासन द्वारा उत्तर प्रदेश के प्रवासी मजदूरों के लिए बसों की व्यवस्था की जाएगी जबकि मध्य प्रदेश, बिहार, बंगाल आदि के लिए श्रमिक रेलगाड़ियों की व्यवस्था होगी। जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल व पुलिस उपाधीक्षक विरेंद्र सिंह इस मुहिम को मूर्त रूप देंगे।



मजदूरों को शेल्टर होम में लाने के लिए भेजी जा रही बसों को हरी झंडी दिखाते हुए डा. वंदना पूनिया व डा. आयुषी। • विज्ञप्ति।

### एक दर्जन बसें तैयार, सूचना मिलते ही श्रमिकों को लेने होंगी रवाना

रविवार दोपहर भिवानी महापंचायत के तत्वावधान में रामबाग से इस मुहिम की शुरूआत की गई। निजी बसों को शहर की महिला रोग विशेषज्ञ डा. वन्दना पूनिया व डा. आयुषी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, आईएमए के प्रांतीय अध्यक्ष डा. करण पूनिया, प्रमुख समाजसेवी विनोद मिर्गं, डा. रणबीर पंघाल, प्रमुख समाजसेवी अशोक सिंगला, मनीष चौहान, दीपक बंसल, अनाज मण्डी के पूर्व प्रधान बजरंग लाल आदि भी उपस्थित रहे। भिवानी महापंचायत के संरक्षक बृजलाल सर्राफ व संयोजक सम्पूर्ण सिंह ने बताया कि एक दर्जन निजी बसें 24 घण्टे इस कार्य के लिए स्टैंड बाई पर रहेंगी। भिवानी जिले या साथ लगते जिलों से प्रवासियों के पैदल जाने की सूचना मिलते ही उन्हें शैल्टर होम में लाया जाएगा। जहां उनकी रहने की व्यवस्था होगी।

### मोबाइल जनता रसोई जरूरतमंदों की सेवा को रहेगी तत्पर

भिवानी महापंचायत द्वारा श्रमिकों को विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों पर मोबाइल जनता रसोई भी शुरू की गई है। प्रमुख समाजसेवी शिवरत्न मुन्ना, ऋषि सिंह, अनिल व राज कुमार पर आधारित टीमें मोबाइल जनता रसोई के माध्यम से सड़क पर चल रहे या जगह जगह रूके हुए प्रवासियों को भोजन उपलब्ध करवाने का कार्य कर रही हैं। श्रमिकों को अलग अलग शैल्टर होम में पहुंचाने के लिए निशुल्क 12 बसें मुहैया करवाने वाले प्रमुख समाजसेवी एवं सेंट जेवियर स्कूल के संचालक मनीष चौहान तथा शिशु भारती स्कूल के संचालक विनोद मिर्गं ने कहा कि प्रवासियों पर टूटे कहर के इस समय में उनकी मदद के लिए जितनी ओर अधिक बसों की जरूरत होगी वे और अधिक बसें मुहैया करवाएंगे।

**Return to home for workers from outside Haryana state by our Alumnus Sampuran Singh also the President of Bhiwani Maha Panchayat during lock down period**

**Social Media Link:**

https://www.facebook.com/BHIWANI.MAHAPANCHAYAT/?locale=hi_IN

सराहनीय

**प्रदेश की प्रमुख समाजसेविका ज्ञानो देवी ने दीं लाखों रुपए की दवाइयां, कहा- हर संभव सहायता की जाएगी**

# महापंचायत ने जनता रसोई संग शुरू किया जनता अस्पताल

जागरण संवाददाता, भिवानी: देश में लॉकडाउन शुरू होने के साथ ही 25 हजार गरीब व जरूरतमंदों को भोजन मुहैया करवा रही जनता रसोई का दायरा अब स्वास्थ्य सेवाओं के साथ और अधिक बढ़ गया है। भिवानी महापंचायत ने जनता रसोई में भोजन प्राप्त करने वाले हजारों गरीब व मजदूरों को भोजन के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध करवानी शुरू कर दी हैं। इस कार्य में प्रदेश की प्रमुख समाजसेविका ज्ञानो देवी ने सहयोग का हाथ बढ़ाते हुए मंगलवार को लाखों रुपए की जीवन रक्षक व इम्युनिटी बढ़ाने वाली दवाइयां जनता रसोई में भेंट की। साथ ही चिकित्सकों की एक बड़ी टीम ने भी हजारों मजदूरों के स्वास्थ्य की जांच की।



जनता अस्पताल में रखी समाजसेविका ज्ञानो देवी द्वारा भेंट की गई दवाइयां। • विज्ञप्ति।

### हर प्रकार की दवाइयां करवाई उपलब्ध : संपूर्ण सिंह

महापंचायत के संयोजक सम्पूर्ण सिंह ने बताया ज्ञानो देवी द्वारा जनता अस्पताल में स्किन, हृदय, शुगर, लीवर, मल्टी विटामीन आदि सभी दवाइयां मुहैया करवाई गई हैं। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए यहां दवाइयां उपलब्ध रहेंगी। यही नहीं सभी दवाइयां ब्रांडिड कंपनी की उपलब्ध रहेंगी। केवल कैंसर की दवाइयों को छोडकर मरीजों को हर प्रकार की दवाइयां दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि आज पहले हजारों मजदूरों को दस दस मल्टी विटामीन व इम्युनिटी बढ़ाने की दी गई हैं। उन्होंने कहा महापंचायत जनता रसोई व जनता अस्पताल के माध्यम से न तो किसी को भूखा रहने देगी और न ही किसी गरीब को स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित। उन्होंने कहा गम्भीर रूप से बीमार लोगों को अस्पताल में इलाज के लिए दाखिल करवाया जाएगा।

### वे चिकित्सक निष्ठा के साथ दे रहे हैं अपनी सेवाएं

इएसआइ भिवानी की कोविड 19 की नोडल अधिकारी डा. संतोष के अलावा डा. नरेंद्र, डा. आरपी शर्मा, डा. आयुष मित्तल आदि ने भी मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। महापंचायत का कहना है कि गरीब मजदूर अस्पताल में इलाज के लिए जाने से कतराते हैं क्योंकि उन्हें कोरोना का खतरा सताता है। ऐसे में वे कई बीमारियों से ग्रसित होने के बावजूद महंगा इलाज नहीं करवा पाते और उन्हें अस्पताल में जाते हुए यह भी डर लगता है कि कहीं 14 दिन के लिए क्वारंटाइन ना कर दिया जाए। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए भिवानी महापंचायत ने जनता अस्पताल भी शुरू कर दिया।

इस अवसर पर भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, नगरपरिषद के अध्यक्ष रण सिंह यादव, महापंचायत के संरक्षक बृजलाल सर्राफ, प्रमुख समाजसेवी धर्मबीर नेहरा, रामदेव तायल, अशोक सिंगला, विनोद मिर्ग, सुरेंद्र जैन, दीपक बंसल, कमल प्रधान, अनाजमंडी के पूर्व प्रधान बजरंग लाल प्रधान, प्रधान भगवान, पूर्व पार्षद शिव रत्न मुन्ना आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

जरूरतमंदों को दवाइयों की कमी नहीं आने दी जाएगी-ज्ञानो देवी : इस दौरान समाजसेविका ज्ञानो देवी ने कहा कि जिस प्रकार जनता रसोई यहां गरीबों व जरूरतमंद लोगों को भोजन की कमी नहीं आने दे रही वैसे ही वे इन गरीबों को स्वास्थ्य सेवाओं व दवाइयों की कमी नहीं आने देंगी। उन्होंने यह भी कहा कि जितनी भी दवाइयां गरीबों के जरूरी होंगी वे प्राथमिकता से इन्हें मुहैया करवाएंगी।

**Distribution of medicine to needy peoples by our Alumnus Sampuran Singh, the President of Bhiwani Maha Panchayat during lock down period**




# Awareness campaign by Sampuran Singh through social media

# यही है समाजसेवा का असली जज्बा



## ताऊ की वेबसाइट


अनुराग अग्रवाल

वैसे तो कोराना संक्रमण के दौरान बहुत सी जगहों पर गरीबों की मदद के लिए भोजन बन रहा है, लेकिन प्रदेश में एकमात्र भिवानी जिला ऐसा है, जहां जनता रसोई के नाम से एक सांझा चूल्हा चल रहा है। इस चूल्हे में सिर्फ पंचायती लोग, खाप प्रतिनिधि, समाजसेवी और साधन संपन्न लोगों की महापंचायत अपने तरीके से हर रोज 20 से 22 हजार लोगों के लिए खाने का इंतजाम कर रही है। बेटियां और बच्चियां यहां रोटी-सब्जी बनाने आती हैं। काफी रोटियां रोहतक, भिवानी और जींद जेल से कैदियों द्वारा बनाकर भेजी जाती हैं तो कढ़ी चावल मौके पर ही बनते हैं। इस सांझे चूल्हे की कमान छात्र नेता रह चुके महापंचायत के संयोजक संपूर्ण सिंह ने संभाल रखी है। काम निपटाने के बाद जब वह अपने घर जाते हैं तो उनके लिए अलग कमरे की व्यवस्था है। वहीं उन्हें खाना मिलता है और वहीं अलग सोने की व्यवस्था है।



भिवानी में महापंचायत के संरक्षक संपूर्ण सिंह की देखरेख में जनता रसोई के दौरान गरीब व जरूरतमंद लोगों के लिए तैयार होता भोजन • जागरण

**Preparation of food for needy peoples by Janta Rasoi run by our Alumnus Sampuran Singh during Covid-19 lock down period-2020**




**Online platform for IAS aspirant and lectures on Emotional Intelligence by our Senior IAS Officer Dr. Dalip Singh**

**Social Media Link:**

https://www.youtube.com/results?search_query=dr+dalip+singh+IAS

संपूर्ण सिंह ● समाजसेवी



# बेटे की शादी में शहर को दी 14 लाख की सफाई मशीन

58 की उम्र तक इनके खिलाफ 68 एफआईआर दर्ज हुई। वजह, कभी छात्र आंदोलन के अगुआ रहे तो कभी किसान आंदोलन के। इस साल एक अलग वजह से सुर्खियों में रहे। बेटे सन्नी की शादी अनूठे ढंग से की। बहू को मुंह दिखाई में वेक्यूम प्रेशर से काम करने वाली सफाई मशीन दी। 14 लाख की यह मशीन भिवानी शहर की सफाई में समर्पित की गई। दूल्हा-दुल्हन ने खुद सड़कों पर सफाई भी की। भात में डस्टबिन लिए गए। रिसेप्शन में गायों को चारा-चूरी खिलाई।

## संघर्ष से कई बार झुकाई सरकारें

आज तक किसी राजनीतिक दल से नहीं जुड़े। जब भी भिवानी जिले में कोई आंदोलन होता है, तो इनका नाम सबसे आगे होता है। हुड्डा सरकार में बिजली बिलों पर ज्यादा चार्जेज लगाने के खिलाफ आंदोलन चलाया। सरकार झुकी। पहले भी जितने मामले दर्ज हुए, आखिर में खारिज हो गए।

रिपोर्ट -सुखबीर मोट, भिवानी

**Our Alumnus Sampuran Singh donated Vacuum Cleaning Machine to the Municipal Council, Bhiwani**

जरा हटके : दूल्हा व दुल्हन एक माह तक करेंगे शहर की सड़कों की सफाई

# 'दहेज' में रोड सेविंग मशीन लाएगी दुल्हन

जागरण संवाददाता, भिवानी : भिवानी में 6 दिसंबर को होने जा रहा अनूठा रिसेप्शन अभी से आकर्षण का केंद्र बन गया है। इसमें जहां दुल्हन 'दहेज' में वैक्यूम क्लीनर मशीन (रोड सेविंग मशीन) लाएगी। दूल्हा पक्ष भी मुंह दिखाई की रस्म में यही मशीन देगा। एक माह तक दूल्हा व दुल्हन शहर की सड़कों की सफाई कर स्वच्छता की एक नई मिसाल पेश करेंगे। इसमें सगे-संबंधियों की जगह पशु-पक्षियों की 'रिसेप्शन' होगी। इसकी पहल की है भिवानी महापंचायत के संयोजक एवं शांति सेना के प्रमुख संपूर्ण सिंह ने।

वह अपने बेटे सन्नी पानू की रिसेप्शन में इस तरह की मिसाल पेश करेंगे। वह बेटे की शादी में जानकारों को भोज देने की बजाय गोमाता व पक्षियों की रिसेप्शन करेंगे। बेजुबान जानवरों व पक्षियों की जूठन को प्रसाद के रूप में बांटा जाएगा।

यही नहीं, संपूर्ण सिंह के बेटे की बहू अपने कन्यादान रूपी दहेज में शहर को साफ करने वाली एक मशीन (रोड सेविंग मशीन) लेकर आएगी। जो डोली से उतरते ही पति के साथ मशीन से शहर को साफ करने में जुट जाएगी। नवदंपती एक माह तक सुबह सवेरे मशीन से शहर को साफ सुथरा करेंगे। भिवानी पंचायत के संयोजक एवं शांति सेना प्रमुख संपूर्ण सिंह ने अपने बेटे की बहु को (मुंह दिखाई के तौर पर) आशीर्वाद स्वरूप सफाई करने वाली मशीन देने का एलान किया है। ये दोनों मशीनें एक माह बाद नगर की किसी संस्था अथवा नगर परिषद के हवाले कर दी जाएंगी।

- भिवानी में 6 दिसंबर को होगा अनोखा व नए अंदाज में रिसेप्शन



नवदंपति को आशीर्वाद देते उनके माता-पिता।

## ये है कार्यक्रम

तय कार्यक्रम के हिसाब से बता दें कि शादी 5 दिसंबर को होगी और 6 रिसेप्शन। शहर के पतराम गेट स्थित गोशाला में गायों के लिए देसी घी का हलवा होगा जो कि उनकी खुराक के हिसाब से परोसा जाएगा। उनका पेट भरने के बाद जो हलवा उनकी जूठन के रूप में बचेगा उसको शहर के लोगों में प्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा।

## पक्षियों व जानवरों के लिए अलग होगा रिसेप्शन

सभी तरह पक्षियों व जानवरों के लिए अलग से रिसेप्शन करने की योजना है। योजना के अनुसार महम रोड पर बंदरों की संख्या सबसे ज्यादा है। वहां पर उनके लिए केले, गुड़ व चने तथा अन्य फल व फ्रूट परोसे जाएंगे। इन फलों को सुबह सवेरे एक वाहन में लाद कर ले जाया जाएगा और वहां पर बंदरों को खिलाए जाएंगे। इनके अलावा पक्षियों के लिए भी अलग से व्यवस्था की गई है। पक्षियों के लिए संपूर्ण सिंह ने बाजरे व छोटे दाने के अनाज की व्यवस्था की है, ताकि पक्षी आराम से अपनी चोंच में दाना को उठा सकें।

**Vacuum Cleaning Machine donated to the Municipal Council, Bhiwani-News Dainik Jagran**